दिनांक 17.04.2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

लॉकडाउन में जरूरतमंदों तक पहुंचा रहे हैं फुड पैकेट, प्रतिदिन की भोजन की समस्या को कर रहे

भिलाईनगर / लाकडाउन में सब कुछ बंद होने से जरूरतमंद व असहाय लोग भूखे न रहे इसलिए उन तक पका हुआ भोजन का पैकेट पहुंचा रहे है। भिलाई निगम क्षेत्र में रेलवे स्टेशन , बस स्टैण्ड, श्रमिक बस्ती, सड़क किनारे रहने वाले जरूरतमंदों को फूड पैकेट उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए निगम के सभी पांच जोन में निगम के कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं भूखे , गरीब, असहाय लोगों तक प्रतिदिन भोजन पहुंचा रहे है। इस कार्य में सामाजिक सदभाव के तहत समाज के लोग आगे आ रहे है अग्रवाल समाज भिलाई द्वारा प्रतिदिन पका हुआ भोजन का पैकेट निगम प्रशासन को वितरण के लिए दिया जा रहा है। भिलाई निगम क्षेत्र के बस स्टैंड , रेलवे स्टेशन, श्रमिक बस्ती तथा मुख्य सड़कों के आसपास भी कई लोग गुजर बसर कर रहते हैं ऐसे लोगों को निगम प्रशासन ने चयनित किया है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारियों को निर्देश देकर कहा है कि कोई भी व्यक्ति जो जरूरतमंद है लॉकडाउन के दौरान भूखा न रहे तथा जरूरतमंदों तक राहत सामग्री भोजन पहुंचाया जाए। इस कार्य के नोडल अधिकारी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में अग्रवाल समाज भिलाई की ओर से भोजन पैकेट रोज प्राप्त हो रहे है। जोन कार्यालयों के क्षेत्रों में चयनित लोग व मांग के अनुरूप पका हुआ भोजन का पैकेट पहुंचाया जा रहा है। जोन क्रमांक एक में लगभग 150 पका भोजन पैकेट, जोन क्रमांक 2 में 125, जोन क्रमांक 3 में 125, जोन क्रमांक 4 में 150 एवं जोन क्रमांक 5 में 75 पका भोजन का पैकेट पहुंचाने का कार्य आज किया गया। इसके अलावा कई स्थानों से कुछ परिवार जिनके यहां कोरोना मरीज है भोजन नहीं बना पा रहे है ऐसे लोगों के यहां मांग आने पर भी भोजन पैकेट पहुंचाया जा रहा है। फूड पैकेट के प्रतिदिन की आवश्यकता की जानकारी जोन के अधिकारियों से लेते हुए उस आवश्यकता के आधार पर पैकेट की व्यवस्था की जा रही है। लॉक डाउन के दौरान भूखे , असहाय, गरीब, मजदूर, विक्षिप्त, बेसहारा जिनके पास खाने के लिए भोजन नहीं है या वह भोजन बनाने आदि में असहाय हैं ऐसे लोगों तक पका भोजन पहुंचाने का कार्य निगम प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है! इस विषम परिस्थिति में लाल बहादूर शास्त्री सुपेला अस्पताल में भर्ती मरीजों को राज अग्रवाल केटरिंग की ओर से निःशुल्क भोजन प्रदान किया जा रहा है। नेहरू नगर जोन आयुक्त सुनील अग्रहरि ने बताया कि लाॅकडाउन के दौरान मरीज व उनके परिजन को भोजन के लिए परेशानी न हो तथा अच्छा व पौष्टिक भोजन मिलने से मरीज की इम्यूनिटी पावर बड़े तथा शीघ्र स्वस्थ होकर अपने घर लौट लौट जाए इसके लिए राज अग्रवाल के द्वारा सुपेला अस्पताल में भर्ती मरीजों के लिए भोजन उपलब्ध करा कर मानव सेवा कार्य कर रहे है। सहायक अभियंता अनिल सिंह ने बताया कि सुबह नाश्ता में दूध , केला, अंडा, पोहा। दोपहर में चांवल , दाल, सब्जी व सलाद पापड़ इसी प्रकार रात्रि में भी भरपेट भोजन प्रदान किया जा रहा है। अभी श्री अग्रवाल द्वारा प्रतिदिन 65 पैकेट दिया जा रहा है,

ताकि परिजनों को भोजन लाने ले जाने में किसी प्रकार की समस्या न हो स्वच्छ व ताजा भोजन अस्पताल में ही मिल रहा है।